POLITICAL SCIENCE & IR (OPTIONAL) — PAPER II

UPSC Civil Services (Main) Examination, 2017

राजनीति विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध (वैकल्पिक) — प्रश्न पत्र II

Time allowed: Three hours **Maximum marks: 250**

The questions of this paper in English and Hindi, grouped by marks (the printed paper numbers them Q1 to Q8; candidates answer five, with Q1 and Q5 compulsory). Read them with model answers and notes at swaadhigam.com/pyq/optional/political-science/paper-2/2017.

10-MARK QUESTIONS

10 questions

1. Critically examine the Globalisation in the past 25 years from the perspectives of the Western world. **10**

पाश्चात्य जगत् के परिप्रेक्ष्यों से, गत 25 वर्षों में हुए वैश्वीकरण का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

2. Examine the LGBT (Lesbian, Gay, Bisexual and Transgender) movement in developed societies and how it is affecting the political participation in developing societies. **10**

विकसित समाजों में एल० जी० बी० टी० (समलिंगी, उभयलिंगी तथा विपरीतलिंगी) आंदोलन का परीक्षण कीजिए और विकासशील समाजों में राजनीतिक सहभागिता को यह किस प्रकार से प्रभावित कर रहा है इसका परीक्षण कीजिए।

3. Explain the Political-Sociological Approach in the field of comparative politics and discuss its limitations. **10**

तुलनात्मक राजनीति के क्षेत्र में राजनीतिक-समाजशास्त्रीय उपागम को स्पष्ट कीजिए एवं उसकी सीमाओं की विवेचना कीजिए।

4. American President Donald Trump's proposal to withdraw from the 'NAFTA' would bring unforeseen consequences to the regionalisation of world politics. Elaborate. **10**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'नाफ्टा' से पृथक् होने के प्रस्ताव के फलस्वरूप विश्व राजनीति के प्रादेशिकीकरण पर अनपेक्षित परिणाम होंगे। सविस्तार स्पष्ट कीजिए।

5. Give an assessment of the Feminist critique of contemporary global issues. **10**

समकालीन वैश्विक मुद्दों की नारी अधिकारवादी समालोचना का एक आकलन प्रस्तुत कीजिए।

6. "The Treaty of Perpetual Peace and Friendship between India and Bhutan needs to be revised with more pragmatic, realistic obligations and responsibilities." Comment. **10**

“भारत और भूटान के मध्य चिरस्थायी शांति और मित्रता की संधि को और अधिक व्यावहारिक, यथार्थवादी बाध्यताओं एवं उत्तरदायित्वों सहित संशोधित करने की आवश्यकता है।” टिप्पणी कीजिए।

7. "India has been the largest and consistent country contributing to the UN peacekeepers worldwide." Examine India's role in this perspective. **10**

“विश्वभर में संयुक्त राष्ट्र शांति-रक्षकों को योगदान देने में भारत सबसे बड़ा और अटल देश रहा है।” इस परिप्रेक्ष्य में भारत की भूमिका का परीक्षण कीजिए।

8. Examine the Indian National Movement and geographical location of India as determinants of India's foreign policy. **10**

भारत की विदेश नीति के निर्धारक तत्त्वों के रूप में, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन एवं भारत की भौगोलिक अवस्थिति का परीक्षण कीजिए।

9. Has the recent Indo-Israeli relationships given a new dynamics to India's stand on Palestinian statehood? **10**

क्या हाल के भारत-इज़राइल संबंधों ने फिलिस्तीन के राज्यत्व पर भारत के रुख को नई गत्यात्मकता प्रदान की है?

10. What are the impediments in the development of South Asian Free Trade Area (SAFTA)? **10**

दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) के विकास में कौन-सी बाधाएँ हैं?

15-MARK QUESTIONS

12 questions

11. How has the development of Global Capitalism changed the nature of socialist economies and developing societies? **15**

वैश्विक पूँजीवाद के विकास ने समाजवादी अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील समाजों की प्रकृति को किस प्रकार परिवर्तित किया है?

12. Discuss the changing nature of modern state with reference to transnational actors. **15**

पारराष्ट्रीय कर्ताओं के संदर्भ में, आधुनिक राज्य की बदलती हुई प्रकृति का विवेचन कीजिए।

13. "Despite the differences between India and Pakistan on various issues, Indus Water Treaty has stood the test of times." In the light of this statement, discuss the recent developments over this issue. **15**

“विभिन्न मुद्दों पर भारत और पाकिस्तान के मध्य मतभेदों के बावजूद, सिंधु जल संधि समय की परीक्षा में खरी उतरी है।” इस कथन के प्रकाश में, इस मुद्दे पर हाल के घटनाक्रमों का विवेचन कीजिए।

14. Do you endorse the view that the end of Bipolarity and the rise of multiple regional organisations has made Non-Aligned Movement (NAM) more or less irrelevant? **15**

क्या आप इस मत का समर्थन करते हैं कि द्वि-ध्रुवीयता की समाप्ति एवं अनेक प्रादेशिक संगठनों के उदय ने गुट-निरपेक्ष आंदोलन (नाम) को कमोबेश अप्रासंगिक बना दिया है?

15. The Nuclear Non-Proliferation Treaty (NPT) has failed to achieve the ultimate objective of Global Nuclear Disarmament. Discuss the deficiency in the provision of NPT. **15**

परमाणु अप्रसार संधि (एन० पी० टी०) वैश्विक नाभिकीय निरस्त्रीकरण के अंतिम उद्देश्य की प्राप्ति में असफल रही है। परमाणु अप्रसार संधि के प्रावधान में कमियों का विवेचन कीजिए।

16. 'Uniting for Consensus' also known as 'Coffee Club' has opposed the claims of India and other countries over permanent membership of the UN Security Council. Point out their major objections. **15**

'मतैक्य के लिए मिलकर काम करना', जिसको 'कॉफी क्लब' के नाम से भी जाना जाता है, ने भारत एवं अन्य देशों के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता के दावों का विरोध किया है। उनकी प्रमुख आपत्तियों को इंगित कीजिए।

17. Do you agree with the view that despite the limitations in the functioning of the UN, it has distinguished and unique achievements to its credit? **15**

क्या आप इस विचार से सहमत हैं कि संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रकार्यण में परिसीमाओं के बावजूद, इसे प्रतिष्ठित एवं अद्वितीय उपलब्धियों का श्रेय प्राप्त है?

18. Do you subscribe to the idea that in the new evolving Asian dynamics, Japan and India have not only moved closer in economic cooperation, but also in strategic partnership? **15**

क्या आप इस विचार को मानते हैं कि नई विकसित होती हुई एशियाई गत्यात्मकता में जापान एवं भारत न केवल आर्थिक सहयोग में, अपितु सामरिक साझेदारी में भी नजदीक आ गए हैं?

19. Examine the World Systems Approach as developed by Immanuel Wallerstein. **15**
इमानुएल वालरस्टीन के द्वारा विकसित विश्व व्यवस्था उपागम का परीक्षण कीजिए।

20. Analyse the stalled progress of Doha Round of WTO negotiations over the differences between the developed and the developing countries. **15**
विकसित और विकासशील देशों के बीच मतभेदों के चलते 'विश्व व्यापार संगठन' वार्ताओं के दोहा दौर की अवरुद्ध प्रगति का विश्लेषण कीजिए।

21. How has 'BREXIT' affected the regionalisation process initiated by European Union and what could be its likely impacts in the regionalisation process of world politics? **15**
यूरोपीय संघ के द्वारा प्रारंभ किए गए प्रादेशिकीकरण प्रक्रम को 'ब्रेक्सिट' ने किस प्रकार प्रभावित किया है, तथा विश्व राजनीति के प्रादेशिकीकरण प्रक्रम पर इसके क्या संभावित परिणाम हो सकते हैं?

22. The recent differences between India and Russia are the result of misconceptions than facts. Elucidate. **15**
भारत और रूस के बीच हाल के मतभेद तथ्यों के बजाय मिथ्या-धारणाओं के फलस्वरूप हैं। सविस्तार स्पष्ट कीजिए।

20-MARK QUESTIONS

6 questions

23. Is Realist Approach the best method to understand International Relations? Examine this in the context of Classical Realism. **20**
क्या यथार्थवादी उपागम अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों को समझने की सर्वोत्तम विधि है? क्लासिकी यथार्थवाद के परिप्रेक्ष्य में इसका परीक्षण कीजिए।

24. Suggest measures so that India's partnership with Africa becomes a true symbol of South-South Cooperation, delivering clear-cut economic and political dividends to both sides of the equation. **20**
उपायों को सुझाइए ताकि अफ्रीका के साथ भारत की साझेदारी, दक्षिण-दक्षिण सहयोग का एक सत्य प्रतीक बन जाय, और दोनों पक्षों को स्पष्ट रूप से आर्थिक एवं राजनीतिक लाभांश प्राप्त हो।

25. "The development of advanced missile technology and nuclear threat by North Korea has challenged the American hegemony in South-East Asia." Evaluate the above statement in the context of recent developments in the region. **20**
“उत्तर कोरिया द्वारा विकसित उन्नत मिसाइल प्रौद्योगिकी एवं नाभिकीय धमकी ने दक्षिण-पूर्व एशिया में अमेरिकी प्राधान्य को चुनौती दी है।” इस प्रदेश में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, उपरोक्त कथन का मूल्यांकन कीजिए।

26. How is the 'Belt and Road Initiative' of China going to affect India-China relations? **20**
चीन की 'मेखला और सड़क पहल' किस प्रकार भारत-चीन संबंधों को प्रभावित करने वाली है?

27. The recent move of USA to withdraw from the Paris Climate Agreement is a setback in the consensus achieved on protecting the world environment. In this context, assess the future prospectives on climate control. **20**
पेरिस पर्यावरण संधि से हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका के अलग हो जाने की कार्रवाई से विश्व पर्यावरण का संरक्षण करने पर प्राप्त मतैक्य को ठेस लगी है। इस संदर्भ में, पर्यावरण नियंत्रण की भविष्यत्कालिक संभावनाओं का आकलन कीजिए।

28. The natural behaviour of India and the United States is likely to serve each other's interests. Hence, a deliberate strategy of dovetailing their efforts will obviously benefit both. Elaborate. **20**

संभव है कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के स्वाभाविक व्यवहार एक-दूसरे के हितों की पूर्ति करें। अतैव उनके प्रयासों का समन्वय करने की सोची-समझी रणनीति स्पष्ट रूप से दोनों को लाभ पहुँचाएगी। सविस्तार स्पष्ट कीजिए।